


卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐 श्याम बाबा卐ॐ卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त — हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

ॐ शरवणभवाय ॐ शरवणभवाय ॐ शरवणभवाय ॐ शरवणभवाय

♦वर्ष 26 ♦अंक 130 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦15 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


# शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## प्रदेशभर के मंदिरों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, सीएम धामी ने चकरपुर स्थित वनखंडी महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक







देहरादून/रूद्रपुर/खटीमा/गदरपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में महा शिवरात्रि का पावन पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह तड़के से ही शिवालयों में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गई, जहां भोले के भक्तों ने शिवलिंग पर पंचामृत, गंगाजल, सफेद फूल, बेलपत्र, आखा फूल और कमल गट्टा अर्पित कर विधि-विधान से पूजन किया। राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के तमाम जिलों में स्थित प्रमुख शिवालयों और मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही। पर्व को देखते हुए सभी मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया है और सुरक्षा व्यवस्था के भी प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। धार्मिक दृष्टि से इस वर्ष की महाशिवरात्रि विशेष मानी जा रही है, क्योंकि कई वर्षों बाद इस दिन दुर्लभ शुभ योगों का संगम हो रहा है। ज्योतिष गणना के अनुसार कुंभ राशि में बुधादित्य, शुक्रादित्य, लक्ष्मी नारायण और चतुर्ग्रही योग के साथ-साथ सर्वार्थ सिद्धि, प्रीति, ध्रुव व व्यतिपात योग का विशेष संयोग बना है। ग्रह-नक्षत्रों की इस खास चाल के बीच भक्तों ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए महादेव की विशेष उपासना की। **खटीमा**- मुख्यमंत्री पुष्कर धाामी ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर वनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर में देवाधि देव महादेव के दर्शन किये और जलाभिषेक किया। इस अवसर पर सम्पूर्ण विधि-विधान से प्रभु भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि एवं राज्य की उन्नति के लिए प्रार्थना की। सीएम धामी ने वनखंडी महादेव मन्दिर, चकरपुर में आयोजित महा (शेष पृष्ठ सात पर)









## 22 अप्रैल को खुलेंगे बाबा केदारनाथ के कपाट

रुद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। भगवान शिव के भक्तों का लंबा इंतजार अब समाप्त हो गया है। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आगामी 22 अप्रैल को प्रात: आठ बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को बाबा केदार के शीत कालीन गद्दीस्थल पंचकेदार ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में कपाट खुलने की शुभ तिथि पंचांग गणना और पारंपरिक विधि-विधान के साथ निर्धारित की गई।इस घोषणा के साथ ही उत्तराखंड की आगामी चारधाम यात्रा की सभी महत्वपूर्ण तिथियां अब स्पष्ट हो चुकी हैं। बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे, जबकि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में कमरे में फांसी पर लटका मिला युवक

रूद्रपुर/किच्छा। खुरपिया फार्म किच्छा निवासी एक युवक अपने घर के कमरे में संदिग्ध अवस्था में फांसी पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को फांसी से उतारकर चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार खुरपिया फार्म किच्छा निवासी 27 वर्षीय अजीत कुमार पुत्र राम सहाय कोर्ट में सफाई का काम करता था। बताया जाता है कि उसके परिजन कांवर लेने गये हुए थे और घर में दादी मौजूॅद थी जो घर कें बाहर बैठी हुई थीं।देर सायं अजीत कमरे में बैठा था। जब उसकी दादी कमरे की ओर गई तो दरवाजा अन्दर से बंद था। काफी देर आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो दादी ने आसपास के लोगों को बुलवाया। उन्होंने किसी तरह दरवाजा खोला तो भीतर अजीत फांसी पर लटका मिला। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अजीत को फांसी से उतारकर चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। अजीत की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## किराएदारों ने हड़पे मकान मालकिन के जेवरात,पांच लोगों पर केस दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज के कड़े आदेश के बाद ट्रांजिट कैंप पुलिस ने विश्वास का गला घोंटकर जेवरात हड़पने और मारपीट करने के मामले में एक ही परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मकान मालकिन का आरोप है कि उसके घर में सालों से रह रहे किराएदारों ने पहले भावनात्मक रूप से उसे अपने जाल में फंसाया और फिर धोखे से उसके सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। संजय नगर खेड़ा निवासी सरोज पत्नी विजय सिंह ने अदालत में पेश किए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके मकान में सुनीता, भगीरथ, शोभा, दीपांकर और सपना पिछले कई वर्षों से किराए पर रहते चले आ रहे थे। लंबे समय तक साथ रहने के कारण सरोज का इन लोगों पर अटूट विश्वास हो गया था। इसी भरोसे का फायदा उठाते हुए अगस्त 2023 में सुनीता और शोभा ने अपनी रिश्तेदारी में जाने की बात कही और दिखावे के लिए सरोज से सोने के कुंडल, सोने की अंगूठी और चांदी की पायल कुछ दिनों के लिए मांग ली। प्रार्थिनी ने उन्हें अपना करीबी समझते हुए नवंबर 2023 तक सारे जेवरात उनके सुपुर्द कर दिए। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने जेवरात (शेष पृष्ठ सात पर)

# धामी के बयान ने बढ़ाई सियासी सरगर्मी

## भाजपा खेमे में चर्चाओं का दौर शुरू, चुनाव को लेकर बयान से कहीं खुशी,कहीं गम की स्थिति



रुद्रपुर। सरस मेले के अवसर पर जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा रुद्रपुर से चुनाव लड़ने के जिक्र ने जिले की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। हालांकि मुख्यमंत्री ने यह बात सहज और हल्के अंदाज में कही, लेकिन उनके वक्तव्य के बाद राजनीतिक गलियारों में संभावनाओं और समीकरणों को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। मुख्यमंत्री का यह बयान कि लोग उनसे रुद्रपुर से चुनाव लड़ने की बात कहते है। राजनीति में खलबली मचाए हुए है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भले ही मुख्यमंत्री ने इसे मजाकिया अंदाज में कहा हो, लेकिन रुद्रपुर से उनका पुराना लगाव और यहां मजबूत जनसमर्थन इस संभावना को पूरी तरह खारिज भी नहीं करता। संगठनात्मक दौर से ही क्षेत्र में सक्रिय रहे धामी का स्थानीय कार्यकर्ताओं और नागरिकों से गहरा संपर्क माना जाता है। भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच भी इस बयान को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि यदि भविष्य में ऐसा कोई निर्णय होता है तो इससे क्षेत्रीय राजनीतिक समीकरणों में बदलाव संभव है। वहीं कार्यकर्ता इसे संगठन में उत्साह बढ़ाने वाला संदेश भी मान रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी पहले भी रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों से अपने आत्मीय संबंधों का उल्लेख करते रहे हैं। ऐसे में उनके हालिया बयान को कई लोग उनके दिल की बात मान रहे हैं। फिलहाल इसे राजनीतिक संकेत, भावनात्मक जुड़ाव और संगठनात्मक संदेश तीनों रूपों में देखा जा रहा है। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि (शेष पृष्ठ सात पर)

### रुद्रपुर से चुनाव लड़ने के जिक्र पर गूंजे नारे

रुद्रपुर। गांधी पार्क में आयोजित सरस मेले के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जैसे ही रुद्रपुर से चुनाव लड़ने के मुद्दे का जिक्र किया, सभा स्थल पर मौजूद लोगों ने जोरदार नारेबाजी कर उनका समर्थन किया। उनके इस बयान से जहां जनता में उत्साह दिखाई दिया, वहीं राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ने अपने सहज और आत्मीय अंदाज में कहा कि लोग उनसे कहते हैं कि अब वे रुद्रपुर से चुनाव लड़ें। इस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, रुद्रपुर भी हमारा है, काशीपुर भी हमारा है, गदरपुर भी हमारा है, खटीमा भी हमारा है पूरा जिला ही हमारा है।उन्होंने कहा कि पूरा उत्तराखंड उनका परिवार है और राज्य की सभी 70 सीटों पर संगठन और कार्यकर्ता मिलकर चुनाव लड़ते हैं। कमल (शेष पृष्ठ सात पर)

# ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र पर धूमधाम से मनाई गई त्रिमूर्ति शिव जयंती

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के इंदिरा कॉलोनी गली नंबर-1 स्थित राजयोगा भवन सेवाकेंद्र पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से शिवरात्रि के वास्तविक संदेश को जन-जन तक पहुँचाया गया। सेवाकेंद्र की संचालिका बीके सूर्यमुखी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व केवल उपवास तक सीमित नहीं है। उन्होंने आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए बताया कि जिस प्रकार भक्त शिवलिंग पर बेलपत्र, बेर, भांग और धतूरा अर्पित करते हैं, वह वास्तव में प्रतीकात्मक है। यदि मनुष्य अपने भीतर व्याप्त काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, द्वेष और नफरत जैसी बुराइयों को शिव परमात्मा पर अर्पित कर दे, तभी मानव जीवन का वास्तविक कल्याण संभव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक दिन का



जागरण पर्याप्त नहीं है, बल्कि जीवन में निरंतर जागरूकता और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना अनिवार्य है। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सभी को शिव जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सच्ची जागृति तभी संभव है जब हम अपने विकारों को त्यागकर स्वयं को परमपिता परमात्मा शिव को समर्पित करेंगे। इस आध्यात्मिक आयोजन के दौरान शिव ध्वजारोहण कर विश्व शांति की कामना की गई। शिव जयंती के इस पावन कार्यक्रम में बीके निर्मल, बीके आशा सिंह, बीके नीलिमा शर्मा, बीके एकता ग्रोवर, बीके नीरू चावला, बीके बिमला, बीके कमला, बीके विमलेश, बीके मिथिलेश सिंह, बीके कंचन जोशी, बीके उमा, बीके सीमा, बीके रंजू, बीके चंदा, बीके शिखा, बीके अनीता, बीके छाया, बीके हरबंस, बीके योगेंद्र, बीके रूम, बीके राजेश ग्रोवर, बीके संदीप चावला, बीके पवन, बीके संजय और बीके प्रेम बल्लभ सहित बड़ी संख्या में भाई-बहन उपस्थित रहे।

# विधायक शिव अरोरा ने पांच मंदिर में किया जलाभिषेक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विधायक शिव अरोरा ने पांच मंदिर रुद्रपुर में जलाअभिषेक कर समस्त क्षेत्रवासियो के सुख समृद्धि की कामना की।



विधायक शिव अरोरा ने इस दौरान कहा भगवान महादेव के पवित्र पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर जहाँ पूरे देश के मंदिरो में भक्तो की आस्थारूपी भीड़ नजर आ रही है जो दर्शाता है कि भगवान महादेव पूरे संसार कि आत्मा है जिनकी कृपा से हम सांसारिक जीवन को व्यतीत कर समाज हित में सेवा कार्य कर रहे है।उन्होंने कहा महादेव की कृपा सभी पर बनी है और देवभूमि उत्तराखंड व रुद्रपुर क्षेत्र प्रगति पथ पर सदैव आगे बढ़े ऐसी ईश्वर से कामना है। इस दौरान सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, ओमप्रकाश अरोरा, शिवम जग्गा व सैकड़ो श्रद्धांलु मौजूद रहे।

# पुरातन सनातन शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

गदरपुर स्थित पुरातन सनातन शिव मंदिर में शिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक करते रहे और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते नजर आए।मंदिर के अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां जल चढ़ाने आते हैं। उन्होंने कहा कि इस दिन का विशेष धार्मिक महत्व है और भक्त दूर-दूर से आकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते



हैं।उन्होंने आगे बताया कि मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं, जिससे सभी भक्त शांतिपूर्वक जलाभिषेक कर सकें। जयकिशन अरोड़ा ने कहा कि भगवान शिव की आराधना से जीवन में सकारात्मकता आती है और समाज में आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है।

# दो दिन जारी रही लंगर एवं विश्राम की सेवा

गदरपुर(उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में हर वर्ष आयोजित की जा रही कांवर यात्रा के भोले बाबा भक्तों को प्रसाद वितरण कर सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा निरंतर दो दिन लगातार सेवा की गई। गदरपुर के वार्ड नंबर 11 गुरुद्वारे के पास पुल के ऊपर शिव भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो कांवरियों द्वारा लंगर प्रसाद ग्रहण करके सेवादारों को शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम आयोजक हैप्पी चंद्रा ने बताया कि उनके परिवार एवं अन्य सेवादारों द्वारा लगातार बाबा भक्तों की सेवा करके अपने को




धन्य समझा जा रहा है उन्होंने बताया बाबा की कृपा से हर वर्ष इस सेवा का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस मौके पर जयवीर कश्यप,हैप्पी चंद्रा,नितिन चंद्रा, गोपाल सक्सेना,कपिल सक्सेना, माधव,पप्पू के अलावा प्रियंका चंद्रा, निशा चंद्रा,सोनिया कश्यप आदि सहित अन्य श्रद्धालु सेवा कार्य में जुटे रहे।

# ऋषभ बने गणित के जादूगर, यशवंत बने स्पैल जीनियस

शक्तिफार्म।जनपद स्तर पर आयोजित मैथ्स विजार्ड (गणित का जादूगर) एवं स्पैल जीनियस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन डायट परिसर में किया गया, जिसमें जनपद के सातों विकास खंडों से चयनित छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में सितारगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय आनंदनगर तिलियापुर के छात्र ऋषभ कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। खटीमा ब्लॉक की रूही राना ने द्वितीय तथा निशांत ने तृतीय स्थान हासिल किया।



वहीं स्पैल जीनियस प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय खटीमा सेकंड के यशवंत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। अर्पित सिंह ने द्वितीय तथा रुद्रपुर के सुभान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डायट के प्रवक्ता मनोज जोशी, सीमा त्रिवेदी, अनीता चावला, चेतना मिश्रा, ब्रजेश उप्रेती एवं प्रियंका कोश्यारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डायट प्रभारी भोपाल सिंह नेगी ने बताया कि सभी विजेता छात्र इसी माह देहरादून में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर दिनेश बिष्ट, जयंत मंडल, दुर्लभ राय, गोविंद डसीला, प्रदीप आर्य, ताजवर खत्री सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की सफलता पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817

# पुलवामा के शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के तत्वावधान में अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और मार्गदर्शक मीना जोशी के नेतृत्व में पुलवामा हमले के शहीदों की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था के पदाधिकारियों ने रामलीला मैदान स्थित डीके पार्क में एकत्रित होकर 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए पाकिस्तानी आतंकी हमले में शहीद भारतीय सेना के जवानों को पुष्पांजलि अर्पित



की।इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और सदस्य शांति रावत ने कहा कि भारतीय सेना के जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सेना के जवान अपनी जान की परवाह किए बिना देश और देशवासियों को सुरक्षित रखते हैं। जवान हजारों फुट की ऊंचाई पर विषम परिस्थितियों में रहकर दुश्मनों की हर हरकत पर पैनी नजर रखते हैं और उन्हें मुंहतोड़ जवाब देते हैं। उन्हीं की सतर्कता के कारण देशवासी अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं और सभी त्योहार हर्षोल्लास व भयमुक्त होकर मना पाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट करना और उनके बलिदान को याद रखना हर भारतीय का परम कर्तव्य है। श्रद्धांजलि देने वालों में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, संरक्षक रुपेन्द्र नागर, सचिव नन्दकिशोर आर्या, मार्गदर्शक मीना जोशी, तरुण सक्सेना, वीरेंद्र जायसवाल, पीयूष शर्मा, राजेश साहू, रोहतास प्रजापति, सुनीता तिवारी, शांति रावत, ममता खत्री, रेनू कांडपाल, निशा वैला, योगिता बनोला, लीला भंडारी, हेमा कार्की, मोनिका आर्या, तारा टकवाल, शर्मिला मित्रा, कुसुम बोरा, तारा पाण्डेय, योगेश कश्यप, नन्दकिशोर आर्या, रवि गुप्ता, विजय गोस्वामी, यश गुप्ता, सूरज मिस्त्री, संदीप यादव, संजीत सिन्हा, वंश गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, जानकी कश्यप, अमित गोस्वामी और सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार शामिल रहे।

# किच्छा में शुरू हुई 13 रुपए में प्लेट वाली लंगर सेवा

किच्छा। समाज सेवा के उद्देश्य से मात्र 13 रुपए में आम गरीब आदमी का पेट भरने के उद्देश्य से रोडवेज बस स्टैंड पर लंगर सेवा शुरू की गई। इस मौके पर गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा के सेवादार बाबा चंदन सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने संयुक्त रूप से 13 रुपए में राजमां चावल वाली लंगर सेवा का शुभारंभ किया और लंगर सेवा की सराहना की। युवा समाजसेवी गुरदेव सिंह विर्क के नेतृत्व में युवाओं की टीम द्वारा नगर के रोडवेज बस स्टैंड पर इस लंगर सेवा को शुरू किया गया है। लंगर सेवा के संयोजक गुरदेव सिंह ने बताया कि आम गरीब आदमी को कम दामों पर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनके द्वारा यह सेवा शुरू की गई है और प्रतिदिन दोपहर के समय रोडवेज बस स्टैंड पर यह लंगर सेवा लगाई जाएगी। कार्यक्रम में पहुंचे सेवादार बाबा चंदन सिंह का सामाजिक कार्यकर्ता गुरदेव सिंह ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार जताया। मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मंड, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, जितेंद्र सिंह संधू, देवेंद्र सिंह विर्क, जगरूप सिंह गोल्डी, निर्मल सिंह हंसपाल, संतोष सिंह, जसवीर सिंह, संदीप अरोड़ा, रिंकल सिंह, प्रदीप सिंह खालसा, दारा सिंह आदि मौजूद रहे।




# बेहड़ ने किया तीन विकास कार्यों का लोकार्पण

किच्छा। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में करीब 8 लाख रुपए की लागत से तीन विकास कार्यों का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने पर ग्रामीणों ने विधायक बेहड़ का आभार व्यक्त करते हुए माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। विधायक बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत नारायणपुर के शमशान घाट में 5 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य एवं सुंदर कॉलोनी में 2 लाख व 1.27 लाख की लागत से मंदिर के गुंबद निर्माण व सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण किया। इसके अलावा नारायणपुर कोठा में विधायक बेहड़ ने कॉलोनी में स्व0 लगन देवी मार्ग का फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर लोकार्पण करते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक बेहड़ ने कहा कि गांव का समग्र विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है और विधायक निधि के प्रत्येक पैसे को जनता की आवश्यकताओं के दृष्टिगत खर्च किया



जा रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ जल्द करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के पश्चात विधायक बेहड़ ने कांग्रेसी नेता सुदीश प्रताप सिंह के निवास पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता कर तमाम विषयों पर चर्चा की। मौके पर ग्राम प्रधान दीपिका देवी, प्रेम आर्य, राजेश प्रताप सिंह, सुदीश प्रताप सिंह, अवनेंद्र सिंह, अशोक कुमार, सुरेंद्र सिंह, नंदकिशोर, रणजीत सिंह, राजकुमार, सुनील सिंह, संतोष कुमार, हरिओम चौहान आदि मौजूद रहे।

# एक्टू ने की यूजीसी गाइडलाइंस को लागू करने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देश के संयुक्त छात्र संगठनों द्वारा ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी के बैनर तले शनिवार को पूरे देश में यूजीसी समता विनियम आंदोलन के तहत आहूत अखिल भारतीय वंचित अधिकार दिवस के अवसर पर बुद्धपार्क में कॉलेज कैम्पसो में भेदभाव के खिलाफ यूजीसी गाइडलाइंस को लागू करने की मांग पर विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन किया। ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के के बोरा ने कहा कि जाति और नस्लीय भेदभाव कोई मनगढ़न्त अवधारणा या बीती बात नहीं हैं। वे हमारे शैक्षणिक संस्थानों और पूरे समाज में रोजमर्रा की क्रूर सच्चाई हैं। भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय ने कहा यूजीसी नियमावली पर जातिवादी ब्राह्मणवादी तत्वों के दवाब में स्टे



लगाया गया है। यह सर्वविदित और ऐतिहासिक तथ्य है कि उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ बनने वाले हर कानून के खिलाफ समाज के ताकतवर हिस्सों से प्रतिक्रियावादी और उन्मादी प्रतिक्रिया के साथ विरोध किया जाता है। इस मामले में भी वही प्रभावशाली समूह अपने सामाजिक वर्चस्व को बनाये रखने और किसी तरह के संस्थागत दंड से बचे रह कर वंचित तबकों के लिये लाये गये न्यायसंगत समानता के उपायों को अपना व्यक्तिगत उत्पीड़न बता रहे हैं। पछास के चन्दन ने कहा यूजीसी के अपने आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 और 2024 के बीच विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जाति-आधारित भेदभाव की शिकायतों में 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जाति आधारित हिंसा की ये घटनाएँ संस्थागत और सरकारों की अनकही मिलीभगत से कायम जातिवादी व्यवस्था का परिणाम हैं। भीम आर्मी से जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने कहा यूजीसी इक्विटी पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगायी गयी रोक न्यायसंगत बराबरी के सिद्धांत को नजरअंदाज करती है। यह रोक मोदी सरकार द्वारा जानबूझकर की गयी लचर पैरवी का परिणाम है। अन्य वक्ताओं ने कहा हम समाज के सभी न्यायपसंद लोगों से अपील करते हैं कि वे इन यूजीसी इक्विटी नियमों का समर्थन करें और काफी विलम्ब से लाये गये सही उपायों को रोकने के लिए जातिगत उन्माद भड़काने वालों की कोशिशों को नाकाम करें। इस अवसर पर आकाश भारती, मुकेश भंडारी, पंकज अंबेडकर, सौरभ चंद्र, रितिक कांत, अनीशेख चंद्र, आदि शामिल रहे।

**आवश्यकता है**

**एक कुशल अनुभवी एकाउण्टेंट की। जिसे जीएसटी+टैक्स का अच्छा अनुभव हो। वेतन योग्यतानुसार। शीघ्र आफिस पर सम्पर्क करें।**

**पता-एसटीसी वैन्चर महिन्द्रा शोरूम के सामने किच्छा बाईपास रोड,रूद्रपुर**

**-सम्पर्क सूत्र-**

**9548200711**

**8218640588**

# किशोरी को अगवा करने वाला युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब दस दिन पूर्व ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हुई किशोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किशोरी को बहला फुसला कर अगवा करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। जबकि किशोरी किसी तरह स्वयं ही घर लौट आई। प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि 06 फरवरी को परिजनों द्वारा लिखित तहरीर दी गई। जिसमें बताया गया कि 04 फरवरी को समय लगभग सुबह 11 बजे उनकी नाबालिक पुत्री घर से बिना बताये कही चली गयी है। सूचना के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर नाबालिक गुमशुदा की तलाश शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि किशोरी की बरामदगी के लिये पुलिस टीम का गठन किया गया। तलाशी के दौरान ही लापता किशोरी अभियुक्त के द्वारा रास्ते मे छोड़ देने पर स्वय ही घर पर आ गयी और विवेचना



मे अभियुक्त कौशल पुत्र पप्पू दिवाकर मूल निवासी ग्राम काशीराम कालोनी, पूरनपुर रोड, थाना सुनगढी, जिला पीलीभीत, उ०प्र० हाल निवासी निकट ब्रिलिण्ट एकेडमी, वार्ड 04, थाना ट्रांजिट कैम्प का नाम प्रकाश मे आया। जिसको पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर मोदी मैदान से गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक नेहा ध्यानी व कांस्टेबल विपेन्दर सिह शामिल थे।

# ठुकराल ने शिवालयों में किया जलाभिषेक



रुद्रपुर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शहर लक्ष्मी नारायण मंदिर समेत विभिन्न शिवालयों में जाकर भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया और हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे शिवभक्त कांवड़ियों का जगह-जगह भव्य स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। ठुकराल ने हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर रुद्रपुर पहुंच रहे कांवड़ियों के जत्थों का अभिनंदन किया। उन्होंने कांवड़ियों के विश्राम शिविरों में पहुंचकर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना और पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति और अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। भीषण गर्मी और कठिन रास्तों की परवाह किए बिना भोले के भक्त जिस संकल्प के साथ गंगाजल लाते हैं, वह वंदनीय है। उन्होंने शिवभक्तों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल संकल्प की सराहना की। जलाभिषेक के उपरांत ठुकराल ने अपने संदेश में कहा कि महादेव की कृपा समस्त क्षेत्रवासियों पर बनी रहे। उन्होंने भगवान शिव से प्रार्थना की कि हमारा शहर और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे और हर घर में सुख, शांति व समृद्धि का वास हो। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि का पर्व हमें संयम, सेवा और परोपकार की प्रेरणा देता है। मंदिरों में दर्शन के दौरान उन्होंने आम श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की और पर्व की बधाई दी।

# यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने हल्द्वानी में लगाया निशुल्क कैंप

हल्द्वानी। यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने एस.के. नर्सिंग होम, टिकोनिया चौराहा, हल्द्वानी में कार्डियक साइंसेज और जीआई सर्जरी का नि:शुल्क ओपीडी कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों तक उन्नत सुपर-स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह नि:शुल्क पहुंचाना था। कैंप को स्थानीय लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला। बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया और उन्हें विस्तार से जांच, परामर्श और आगे के उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया।कैंप का मुख्य उद्देश्य हृदय रोगों की समय पर पहचान, प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी (रोकथाम संबंधी हृदय देखभाल) और पेट व लीवर से जुड़ी बीमारियों की जांच पर रहा। मरीजों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया इस पहल की सफलता को दर्शाती है।इस कैंप में परामर्श का नेतृत्व डॉ. वेद प्रकाश, डायरेक्टर एवं एचओडी, सीटीवीएस, और डॉ. शाहिदुल हक दर, कंसल्टेंट, रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक जीआई सर्जरी एवं लीवर ट्रांसप्लांट विभाग ने किया।इस अवसर पर यथार्थ सुपर स्पेशलिटी



हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के सीओओ एवं फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. सुनील बलियान ने कहा, यथार्थ में हमारा उद्देश्य उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। ऐसे नि:शुल्क ओपीडी कैंप और सीएमई कार्यक्रमों के माध्यम से हम न केवल मरीजों का इलाज करते हैं, बल्कि स्थानीय डॉक्टरों को नई जानकारी और आधुनिक उपचार पद्धतियों से भी अवगत कराते हैं। हमारा संकल्प है कि हम भौगोलिक सीमाओं से परे गुणवत्तापूर्ण, संवेदनशील और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें।डॉ. वेद प्रकाश ने कहा, आजकल हृदय रोग कम उम्र के लोगों में भी तेजी से बढ़ रहे हैं। नियमित जांच, समय पर पहचान और जीवनशैली में सुधार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है और लंबे समय तक हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है। डॉ. शाहिदुल हक दर ने बताया, गैस्ट्रो और लीवर से जुड़ी बीमारियां अक्सर शुरुआती चरण में पहचान में नहीं आतीं। समय पर जांच और विशेषज्ञ परामर्श से इलाज के परिणाम बेहतर होते हैं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। शाम को स्थानीय फिजिशियन एसोसिएशन के सहयोग से एक सीएमई सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें हृदय और गैस्ट्रो साइंस में नवीनतम तकनीकों और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर चर्चा की गई, ताकि क्षेत्रीय स्तर पर मरीजों की देखभाल और बेहतर हो सके।मरीजों से मिले उत्कृष्ट सहयोग और सराहना को देखते हुए अस्पताल ने घोषणा की है कि अब हल्द्वानी में हर महीने के तीसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3बजे तक नियमित रूप से नि:शुल्क ओपीडी कैंप का आयोजन किया जाएगा, ताकि समुदाय को विशेषज्ञ हृदय एवं जीआई सर्जरी परामर्श लगातार मिलता रहे।

# कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा व अनिल ने किया जलाभिषेक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महा शिवरात्रि के अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री श्रीमती मीना शर्मा और कांग्रेस के बरिष्ठ नेता अनिल शर्मा पिछले दो दशकों से लगातार रमपुरा स्थित चौरासी घंटा शिव मन्दिर पहुंचकर भगवान् शंकर की पूजा अर्चना करती हैं और पवित्र गंगाजल से शिवलिंग् पर जलाभिषेक कर क्षेत्र की खुशहाली, तरक्की, अमन चौन, और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए प्रार्थना करती हैं स इस वर्ष भी शर्मा दम्पति सुबह रम्पुरा पहुंचे और चौरासी घंटा शिव मन्दिर में पूजा की और शिवलिंग् पर जलाभिषेक किया स इस अवसर पर शंकर कोली, कोमिल राम, लालमन, सरोज रानी, किशन कोली सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे स मन्दिर के महंत पंडित नरेश शर्मा द्वारा श्रीमती शर्मा और श्री शर्मा का तिलक कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया ।



# उत्तराखंड के पांच प्रशिक्षकों ने उत्तीर्ण की राष्ट्रीय योगासन जज परीक्षा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गीता ज्ञान संस्थानम, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में योगासन भारत के तत्वावधान में आयोजित छठे राष्ट्रीय योगासन निर्णायक प्रशिक्षण कार्यक्रम (लेवल कोर्स) 2025-26 में उत्तराखंड राज्य के पांच प्रशिक्षकों ने सफलता प्राप्त की है। 8 से 12 फरवरी 2026 तक चले इस सघन प्रशिक्षण शिविर में योग जजों की परीक्षा उत्तीर्ण कर इन प्रशिक्षकों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त तथा वर्ल्ड योगासन से संबद्ध योगासन भारत की ओर से आयोजित इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने योगासन खेल के वैश्विक मानकों, स्कोरिंग पैटर्न, प्रतियोगिता संचालन, सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक नियमों तथा तकनीकी




बारीकियों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश को 157 नए प्रशिक्षित एवं प्रमाणित तकनीकी जज प्राप्त हुए हैं।समापन अवसर पर हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष एवं वर्ल्ड योगासन तथा योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योगासन आज एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने जोर दिया कि योगासन भारत का उद्देश्य ऐसे निर्णायक तैयार करना है जो निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर सकें, क्योंकि निष्पक्षता ही किसी भी खेल की आत्मा होती है।उत्तराखंड से ऊधम सिंह नगर की योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने लेवल-2 जज, जबकि राधा देवी (देहरादून), गायत्री (हरिद्वार), अमितेश और श्वेता पुनेठा (अल्मोड़ा) ने लेवल-1 योग जज परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर उत्तराखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रणजीत सिंह, योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य, योग ऋषि स्वामी रामदेव, जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के महासचिव ऋषि पाल भारती सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया

# चरस और स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

रामनगर (उद संवाददाता)। अवैध नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में चरस और स्मैक बरामद की है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सीओ सुमित पांडे ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मालधन चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मोहल्ला गूलरघट्टी क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस टीम को इलाके का ही निवासी दीपक कश्यप उर्फ काली संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा और अपनी जेब में रखी नशीली सामग्री फेंकने का प्रयास करने लगा, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक और



64 ग्राम चरस बरामद हुई। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी दीपक कश्यप का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ रामनगर कोतवाली में पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब अन्य जनपदों से भी उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस का यह विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# देवभूमि में नहीं चलेंगी विभाजन की फैक्ट्रियां: धामी

## रुद्रपुर के 'एक साल बेमिसाल' उत्सव में गरजे सीएम, 288 करोड़ की 61 योजनाओं की सौगात और 2027 में प्रचंड विजय का उद्घोष

रूद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को गांधी पार्क में महापौर विकास शर्मा के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक साल बेमिसाल उत्सव सरस मेला यूएस नगर कार्निवाल का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 288 करोड़ की 61 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस दौरान सीएम








धामी ने महापौर विकास शर्मा के आग्रह पर शहर के लिए कई बड़ी परियोजनाओं की घोषणा भी की। भारी जनसैलाब के बीच मंच पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को महापौर विकास शर्मा महादेव शिव की मूर्ति भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इसके अलावा विधायक शिव अरोरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत सत्कार करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किये। विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन रूद्रपुरवासियों के लिए बेहद खास है। आज रूद्रपुर क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए 288 करोड़्घ की 61 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। ये परियोजनाएं आने वाले समय में यद्रपुर के विकास विश्वास और भविष्य की नई उंचाईयों पर ले जाने का काम करेंगी। नागरिकों के जीवन को आसान बनाने का काम करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारा राज्य विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज दूरस्थ क्षेत्रों तक इन्फ्रास्टक्चर मजबूत हो रहा है। शिक्षा स्वास्थ्य, पेयजल सड़क हर क्षेत्र में विकास हो रहा हैं। रूद्रपुर और इसके आस पास कई विकास कार्य कराये जा रहे है। 590 करोड़ की लागत से रूद्रपुर बाईपास का निर्माण हो रहा है। इसी जनपद मे खटीमा, टकनपुर बाईपास गदरपुर जसपुर को जोड़ने वाली फोर लेन सड़क जैसी कई सड़कों का निर्माण चल रहा है। एक समय था जब दिल्ली जाने में कई घंटे लग जाते थे। देहरादून पहुंचने में भी पूरा दिन लग जाता था लेकिन मोदी जी के कालखण्ड में तेजी से सड़कों का निर्माण हुआ है। रूद्रपुर के लिए ड्रेनेज प्लान तैयार हो रहा है। 15 करोड़ की लागत से कंप्रेस्ट बायोगैस प्लांट भी लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां आने से पहले किच्छा में निर्माणाधीन एम्स के संचालन की प्रगति की समीक्षा के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से आग्रह किया है। सीएम ने कहा कि एम्स का निर्माण तेजी से चल रहा है। जब यह पूरा हो जायेगा तो चिकित्सा सुविधाओं के लिए दिल्ली या अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। पंतनगर हवाई अड्डा विस्तार लेने जा रहा है। रूद्रपुर मेडिकल कालेज बनकर तैयार हो गया है हमने तय किया है कि इसी साल इसका संचालन प्रारम्भ हो जायेगा। खुरपिया फार्म की एक हजार एकड़ पर स्मार्ट इंडस्ट्रीयल सिटी भी स्वीकृत हो चुकी है जल्द ही इसका निर्माण शुरू हो जायेगा। इसका लाभ केवल रूद्रपुर किच्छा को नहीं बल्कि पूरे उत्तराखण्ड को लाभ मिलेगा। हजारों युवाओं को यहां रोजगार के अवसर मिलेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जनता का विश्वास खो दिया है। कांग्रेस सिर्फ अफवाहों और झूठ की राजनीति करना चाहती है। जनता इस प्रदेश में झूठ की राजनीति नहीं चलने देगी। मुख्यमंत्री ने मंच से दावा किया कि आने वाले 2027 के चुनाव में भाजपा मौजूदा सीटों से भी अधिक सीटें जीतकर सरकार बनायेगी। वहीं महापौर विकास शर्मा ने अपने सम्बोधन में एक साल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि रुद्रपुर की इस पावन धरा के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। 'एक साल बेमिसाल' का यह उत्सव केवल नगर निगम के एक वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह हमारे मुख्यमंत्री जी के उस 'संकल्प से सिद्धि' के विजन का प्रतिबिंब है, जिसे लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों से त्रिशूल चौक पर जिस भव्य त्रिशूल का लोकार्पण हुआ है, वह हमारी सांस्कृतिक आस्था और आधुनिक रुद्रपुर की नई पहचान बनेगा। त्रिशूल चौक से गांधी पार्क तक निकली यह ऐतिहासिक शिव बारात और शोभा यात्रा इस बात का प्रमाण है कि रुद्रपुर विकास के साथ-साथ अपनी जड़ों और संस्कृति से भी गहराई से जुड़ा है। हमारा प्रयास है कि रुद्रपुर केवल उद्योगों का केंद्र न रहे, बल्कि यह स्वच्छता, सुशासन और सांस्कृतिक विरासत का भी मॉडल बने। महापौर ने कहा कि सीएम धामी के कुशल नेतृत्व 'सरलीकरण, समाधान और निस्तारण' के मंत्र ने ही हमें वो शक्ति दी, जिससे हम रुद्रपुर की तस्वीर बदलने का साहस जुटा सके। वहीं कार्यक्रम को केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता,काशीपुर के विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम,पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या,अनिल कपूर डब्बू अनिल चौहान, विवेक सक्सेना, तरूण दत्ता, रामपाल सिंह, सुनील ठुकराल, राजकुमार सिकरी,हिमांशु शुक्ला , दिलीप अधिकारी, चन्द्रसेन कोली,काशीपुर मेयर दीपक बाली, धीरेन्द्र मिश्रा, मनोज पाल, गुंजन सुखीजा,रमेश चन्द्र जोशी, श्रीपाल राणा, प्रेम सिंह राणा, मंजीत सिंह, नेत्रपाल मौर्या, खतीब अहमद, रश्मि रस्तौगी, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, विजय तोमर सहित हजारों लोग मौजूद थे।

## शंख ध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच किया त्रिशूल चौक का लोकार्पण

रुद्रपुर। देवभूमि की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को सहेजने की दिशा में शनिवार को रुद्रपुर के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। भारी जनसैलाब की साक्षी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर के प्रमुख त्रिशूल चौक पर स्थापित विशाल त्रिशूल का शंखध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य लोकार्पण किया। जैसे ही मुख्यमंत्री ने त्रिशूल से पर्दा हटाया, पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा और जोरदार आतिशबाजी ने इस दृश्य को और भी विहंगम बना दिया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दोपहर बाद त्रिशूल चौक पहुंचे, जहाँ उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अजय भट्ट भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोकार्पण स्थल पर महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल



और पूर्व मेयर रामपाल सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। अनावरण से पूर्व मुख्यमंत्री ने श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल द्वारा कांवरियों की सेवा हेतु लगाए गए पंडाल में पहुंचकर शिवभक्त कांवरियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात विद्वान पंडितों के निर्देशन में मुख्यमंत्री ने त्रिशूल की विधिवत पूजा-अर्चना की और इसे जनमानस को समर्पित किया। यह परियोजना महापौर विकास शर्मा के उस संकल्प की सिद्धि है, जो उन्होंने नगर निकाय चुनाव के दौरान शहर के मुख्य चौराहों को धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों से सुसज्जित करने के लिए लिया था। इंदिरा चौक से शुरू हुए इस अभियान के तहत अब यह चौक 'त्रिशूल चौक' के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित कर चुका है। स्थानीय जनता में इस नवनिर्मित प्रतीक को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। तकनीकी दृष्टि से यह विशाल त्रिशूल आधुनिक इंजीनियरिंग और मजबूती का एक बेजोड़ उदाहरण है।इसे विशेष एफआरपी (फाइबर रिइन्फोर्स्ड प्लास्टिक) सामग्री से निर्मित किया गया है, जो हर प्रकार के मौसम के प्रति बेहद प्रतिरोधी है। लगभग 14 गुणा 10 फीट आकार वाले इस त्रिशूल का वजन करीब 3.5 टन है, जिसे स्थिरता प्रदान करने के लिए एक विशेष कंक्रीट बेस तैयार किया गया है। पूरी परियोजना की लागत की बात करें तो मुख्य त्रिशूल के निर्माण पर लगभग 10.56 लाख खर्च हुए हैं, जबकि सिविल कार्यों और संपूर्ण सौंदर्यकरण को मिलाकर कुल लागत लगभग 28 से 30 लाख रुपये आई है।

## ऐतिहासिक स्वागत से सीएम गदगद

रुद्रपुर। रुद्रपुर की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब और गांधी पार्क में हुए ऐतिहासिक स्वागत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का दिल जीत लिया। रोड शो के दौरान मिले अभूतपूर्व प्रेम और सम्मान से मुख्यमंत्री गदगद नजर आए। उन्होंने मंच से खुले मन से स्वीकार किया कि रुद्रपुर की जनता द्वारा दिया गया यह स्नेह और सत्कार उन्हें याद रहेगा। मुख्यमंत्री ने इस भव्य आयोजन के लिए महापौर विकास शर्मा और उनकी पूरी टीम की कार्यकुशलता की सराहना की। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री भावुक क्षणों में भी नजर आए। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर की धरती पर अनेक



संस्कृतियों का अद्भुत संगम एक साथ देखने को मिला। जेसीबी मशीनों से हुई पुष्प वर्षा और मार्ग में खड़े बुजुर्गों द्वारा दिए गए आशीर्वाद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जनता के इस अटूट विश्वास ने उन्हें अभिभूत कर दिया है। मुख्यमंत्री ने रुद्रपुर के नागरिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए मंच से सिर झुकाकर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह के साथ समाज के हर वर्ग ने उनका अभिनंदन किया है, वह उन्हें प्रदेश के विकास के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने की प्रेरणा देता है।

## महापौर की मांगों पर सीएम ने लगाई घोषणाओं की मोहर

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को रुद्रपुर के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। महापौर विकास शर्मा के विशेष आग्रह और शहर की विकास संबंधी प्राथमिकताओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मंच से यह स्पष्ट किया कि रुद्रपुर को आने वाले समय में एक स्वच्छ, हरित और आदर्श शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेड़ा क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर पर्यावरण मित्रों के लिए अत्याधुनिक सरकारी आवासों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए भूरारानी रोड और गंगापुर रोड के चौड़ीकरण को मंजूरी दी गई। रुद्रपुर की जनता की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने अटरिया मोड़ से इंदिरा कॉलोनी तक 'मिनी बाईपास' के निर्माण का भी ऐलान किया, जिससे शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव कम होगा। धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री ने महापौर के प्रस्ताव पर मानसखण्ड कोरिडर के अन्तर्गत गोल्ज्यू मंदिर, शिव मंदिर व नीलकण्ठ धाम को जोंडते हुए नीलकण्ठ भवन व 51 फीट ऊंची शिव प्रतिमा की स्थापना करने की घोषणा की। साथ ही, बंगाली समाज की महत्वपूर्ण मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने गुरूचांद ठाकुर कोष की राशि को बढ़ाकर दस करोड़ रुपये करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण से मुक्त कराई गई जमीनों का परीक्षण किया जाएगा ताकि उनका सर्वोत्तम उपयोग जनहित के कार्यों और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए किया जा सके। विधायक शिव अरोड़ा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उसमें उठाई गई मांगों का भी परीक्षण कर उन्हें मुख्यमंत्री घोषणा में सम्मिलित किया जाएगा।

## शिव बारात के रूप में निकला सीएम का रोड शो, उमड़ा जनसैलाब

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का शनिवार को रुद्रपुर आगमन किसी उत्सव से कम नहीं रहा। त्रिशूल चौक पर भव्य त्रिशूल के लोकार्पण के पश्चात





मुख्यमंत्री का रोड शो एक 'शिव बारात' के रूप में निकला, जिसकी दिव्यता और भव्यता ने पूरे शहर को भक्तिमय कर दिया। फूलों से विशेष रूप से सुसज्जित वाहन पर सवार मुख्यमंत्री के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट, महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा और भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल सहित तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। रोड शो के दौरान समूचा मार्ग 'बम-भोले' और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष से गुंजायमान रहा, जिससे वातावरण में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ। इस ऐतिहासिक रोड शो का आकर्षक दृश्य तब देखने को मिला जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं डमरू बजाते नजर आए। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे की थाप पर थिरकते शिव भक्तों के बीच मुख्यमंत्री का यह अंदाज जनता के आकर्षण का केंद्र बना रहा। पूरे मार्ग पर जगह-जगह जेसीबी मशीनों के माध्यम से मुख्यमंत्री पर भारी पुष्प वर्षा की गई, जिससे सड़कें फूलों की पंखुड़ियों से पट गईं। छोलिया नृत्य दल की पारंपरिक प्रस्तुतियों ने इस आयोजन में चार चांद लगा दिए, जिसे देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। रुद्रपुर की 'मिनी इंडिया' वाली छवि इस रोड शो में साफ दिखाई दी, जहाँ पर्वतीय समाज, बंगाली समाज, सिख समाज, पंजाबी समाज, पूर्वांचल समाज और जाट समाज सहित समाज के विभिन्न वर्गों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा और उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। महिला मोर्चा की भारी उपस्थिति और समाज के हर तबके द्वारा की गई पुष्प वर्षा का जवाब मुख्यमंत्री ने भी जनता पर फूल बरसाकर और हाथ हिलाकर दिया। यह आत्मीय संवाद मुख्यमंत्री और रुद्रपुर की जनता के बीच के गहरे जुड़ाव को प्रदर्शित कर रहा था। त्रिशूल चौक से शुरू हुआ यह विशाल रोड शो मुख्य मार्ग से होता हुआ गांधी पार्क पहुंचकर संपन्न हुआ। गांधी पार्क पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री का जोरदार अभिनंदन किया। हजारों की संख्या में जुटे लोगों ने इस क्षण को अपने कैमरों में कैद किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के इस संगम को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है।


समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि
पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
अजय तिवारी
अध्यक्ष, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधमसिंहनगर
एवं पूर्व प्रत्याशी किच्छा विधानसभा क्षेत्र


समस्त क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि
पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
राजकुमार ठुकराल
पूर्व विधायक, रूद्रपुर
संजय ठुकराल
समाजसेवी


समस्त क्षेत्रवासियों को
महा शिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
सीए शिव अरोरा
विधायक, रूद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को महा शिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
हरिशचन्द्र गुम्बर
विशाल गुम्बर
निकट श्री बालाजी मन्दिर, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर मो॰ 9897736739, 05944-245571


समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रूद्रपुर में हुण्डई कारों के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director
Kichha By Pass Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand, Ph.: 05944-244155, Mob.: 9917262000, 9639300033


समस्त क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि
पर्व की
हार्दिक
शुभकामनायें
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊ मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा, उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन, लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि
पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
राजेश अरोरा 'पप्पल'
मनिक अरोरा
तिलक राज अरोरा
अब आपके शहर रूद्रपुर में पहली बार अत्याधुनिक एवं फैन्सी.....
PVC Wall & Ceiling Panels
EESHA TRADERS
SRA, E-2, Kashipur By Pass Road Opp. Police Chowk, Rudrapur


समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि
पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री साईं कन्स्ट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर, रूट्रारीपर, हैरो, मैढ़ी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


समस्त क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक
शुभकामनायें
चन्द्रकेश यादव
तिरुपति कन्वेसिंग एजेन्ट
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊ०सिं०नगर) मो० 9412089030
तिरुपति पैडी प्रोडक्टस
नगर पालिका मार्केट, दुकान नं०58, रुद्रपुर मो० 9917304466


समस्त क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि
पर्व की हार्दिक
शुभकामनायें
सजल अग्रवाल
संजय अग्रवाल
डायरेक्टर
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
ग्राम कीरतपुर, काशीपुर रोड, महानगर रुद्रपुर मो. 9837076834

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# एपस्टीन फाइल्स की चर्चा

सारी दुनिया में इस समय इस एपस्टीन फाइल्स की चर्चा हो रही है। अमेरिका में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और मानव तस्करी के आरोपी अरबपति जेफ्री एपस्टीन से जुड़े गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक होते ही दुनिया की सत्ता और रसूख के गलियारों में हलचल मच गई है। जैफ्री एपस्टीन की पूरी कहानी किसी और दिन बताऊंगा, आज तो एपस्टीन फाइल्स और भारत के एक मंत्री का नाम सामने आने के बारे में बताऊंगा। एक लंबे गतिरोध के बाद बुधवार को लोकसभा में बजट पर बोलते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका और भारत की ट्रेड डील पर मोदी सरकार पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कई आर्थिक मुद्दों पर सवाल उठाएं। अपने भाषण में नेता प्रतिपक्ष ने जेफ्री एपस्टीन फाइल्स, अनिल अंबानी और अडानी से जुड़े मामलों पर भी बोले। उन्होंने अनिल अंबानी और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी पर भी आरोप लगाए। राहुल गांधी की ओर से इन मुद्दों को उठाने के बाद सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तनाव बढ़ गया। चूंकि लोकसभा की चर्चा में हरदीप पुरी का नाम आ गया था। इसलिए मंत्री हरदीप पुरी ने बाद में बाकायदा एक प्रेस कांफ्रेंस की और अपना पक्ष रखा। हरदीप पुरी ने कहा कि एपस्टीन से उनकी मुलाकात केवल तीन-चार मौकों पर वह भी एक प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के तौर पर हुई थी और उनके साथ सिर्फ एक ई-मेल का आदान-प्रदान हुआ था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी के आरोपों को निराधार बताया और स्पीकर से अनुरोध किया कि राहुल गांधी के भाषण की गलत बातों को कार्रवाई से हटा दिया जाए। उधर राहुल गांधी ने एपस्टीन फाइल्स का पा करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कि अनिल अंबानी का परिचय अमेरिकी निवेशक और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से कराया था। उन्होंने कहा एक बिजनेसमैन है अनिल अंबानी, मैं पूछना चाहता हूं कि वो जेल में क्यों नहीं है? मैं हरदीप पुरी से भी पूछना चाहता हूं, जिन्होंने उन्हें एपस्टीन से परिचय करवाया था। हरदीप पुरी ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में कई बातें कहीं। उन्होंने कहा एपस्टीन से जुड़ी 30 लाख फाइलें रिलीज हुई है और मैं न्यूयार्क में आठ साल रहा। मैं संयुक्त राष्ट्र में भारत का राजदूत बनकर 2009 में पहुंचा था और 2017 में मैं मंत्री बना और आठ सालों में संभवत तीन या चार मीटिंग का संदर्भ है। अमेरिका में भारतीय राजदूत के पद से रिटायर होने के कुछ महीने बाद मुझे इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट (आईपीआई) में आयोजित किया गया था। मैं आईसीएम के अध्यक्ष जो आस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री थे के साथ एक डेलीगेशन में एपस्टीन से मिला था। हरदीप पुरी का कहना था कि एपस्टीन से जुड़े अन्य मामलों से उनका कोई लेना-देना नहीं है। एपस्टीन फाइल्स में लाखों दस्तावेज, वीडियो, ईमेल हैं। अभी बहुत से खुलासे बाकी हैं। इन फाइल्स के खुलासों के कारण अब तक 10 देशों में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे राजनेता, उद्योगपति, नौकरशाह, राजघराने से जुड़े महत्वपूर्ण लोगों के इस्तीफे हो चुके हैं और 80 की जांच जारी है।

# अर्ध-नारीश्वर-शिव का भौतिक महत्व

अमेरिका के विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय के भौतिकशास्त्री प्रो जॉर्ज और तंत्रशास्त्र की प्रोफेसर डॉ कैथी भगवान शिव के अर्ध-नारीश्वर स्वरूप की कल्पना में धनात्मक और ऋणात्मक गुणों के प्रतीक देखते हैं। शिव जो ऊर्जा के देवता हैं, वह धनात्मक गुण और पार्वती जो प्रकृति की उर्वरा शक्ति हैं, वे ऋणात्मक गुण की प्रतीक हैं। इसे ही सापेक्षता सिद्धांत के रूप में भौतिक विज्ञानियों ने देखा है। दरअसल, प्रकाश में कण और तरंग एक साथ समाहित रहते हैं, इसी तरह इलेक्ट्रान भी एक कण और एक तरंग का रूप धारण कर लेता है। सापेक्षता का सिद्धांत इन स्वरूपों को साकार करता है, क्योंकि ये एक ही शक्ति के दो स्वरूप हैं। शिव और पार्वती का समन्वित रूप अर्ध-नारीश्वर भी इसी सिद्धांत को भौतिक रूप में प्रतिबिंबित करता है।शिव की उपस्थिति ऋग्वेद में रुद्र के रूप में है,परंतु अन्य वेदों और पुराणों में इन्हीं रुद्र शिव की कल्पना एक ऐसे रूप में की गई है, जिसका आधा शरीर स्त्री तथा आधा पुरुष का है। शिव के इस स्त्री मिश्रित शरीर को हम अर्ध-नारीश्वर नाम से जानते हैं। शिव-पुराण के अनुसार शिव के इस रूप-विधान में पुरुष को ब्रह्मात्मक मानकर, ब्रह्म से भिन्न उसकी शक्ति माया को स्त्री के आधे रूप में चित्रित किया गया है। शिव का रूप अग्नि एवं सोम अर्थात सूर्य एवं चंद्रमा के सम्मिलन का भी रूप है। यानी पुरुष



का अर्धांश सूर्य और स्त्री का अर्धांश चंद्रमा के प्रतीक हैं। सृष्टि के आरंभ में फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी के दिन शिव और शक्ति-रूपा पार्वती उत्पन्न हुए थे। अर्ध-नारीश्वर के संदर्भ में जो कथा प्रचलन में है, वह है, जब ब्रह्मा ने सृष्टि के विधान को आगे बढ़ाने की बात सोची और इसे साकार करना चाहा, तो उन्हें इसे, अकेले पुरुष रूप से आगे बढ़ाना संभव नहीं लगा। तब उन्होंने शिव को बुलाकर अपना मंतव्य प्रगट किया। शिव ने ब्रह्मा के मूल भाव को समझते हुए उन्हें अर्ध-नारीश्वर में दर्शन दिए। अर्थात स्त्री और पुरुष के सम्मिलन से सृष्टि के विकास की कल्पना दी। यह भी माना जाता है कि जब बरसात में बिजली दमकती है, तब उसकी रेखामयी आकृति अर्ध-नारीश्वर संरचना जैसी दिखती है। इस सूत्र के हाथ लगने के बाद ही ब्रह्मा ने सृष्टि के क्रम को निरंतर गतिशील बनाए रखने का विधान रचा।सच्चाई भी है कि स्त्री व पुरुष का समन्वय ही सृष्टि का वास्तविक विधान है। इसीलिए स्त्री को प्रकृति का प्रतीक माना है। अर्थात प्रकृति में जिस तरह से सृजन का क्रम जारी रहता है, मनुष्य-योनी में उसी सृजन प्रक्रिया को स्त्री गतिशील बनाए हुए है। अर्ध-नारीश्वर यानी आधे-आधे रूपों में स्त्री और पुरुष की देहों का आत्मसात हो जाना। शिव-गौरी का यही वह महा-सम्मिलन है, जो सृष्टि के बीज को स्त्री की कोख, अर्थात प्रकृति की उर्वरा भूमि में रोपता है। सृष्टि का यह विकासक्रम अनवरत चलता रहे, इसीलिए सृष्टि के निर्माताओं ने इसमें आनंद की सुखानुभूति भी जोड़ दी है। सृष्टि के इस आदि-भूत मातृत्व व पितृत्व को पुराणों की प्रतीकात्मक भाषा में पार्वती-परमेश्वर या शिव-पार्वती कहा गया है। अर्थात शिव-शक्ति के साथ संयुक्त होकर अर्ध-नारीश्वर बन जाते हैं। इसलिए शिव से कहलाया है कि शक्ति यानी स्त्री को स्वीकार किए बिना पुरुष अपूर्ण है। स्त्री के बिना कोई कल्पना फलित नहीं हो सकती। अतएव पुरुष रूपी शिव और प्रकृति रूपी स्त्री जब अर्ध-नारीश्वर के रूप में एकाकार होते हैं तो सभी भेद और विकार स्वत: समाप्त हो जाते हैं।अर्थात जब पति-पत्नी के रूप में स्त्री-पुरुष एक दूसरे को आंतरिक रूप से तृप्त करते हैं, तभी अर्धनारीश्वर स्वरूप सार्थक होता है जीव रुपी सृष्टि का क्रम अनवरत रहता है । अतएव काम-भाव को धिक्कारना और योनि को नर्क का द्वार कहना जैसी उलाहनाएं शिव के अर्ध-नारीश्वर रूप की अवमानना है। वैसे भी मानव काया में काम का जो भाव है,वह मनुष्य द्वारा निर्मित कृत्रिम भाव नहीं है,वह स्त्री और पुरुष की प्राकृतिक प्रक्रिया है।

**प्रमोद भार्गव,वरिष्ठ पत्रकार**

# त्याग, संयम व दृढ़ता के प्रतीक हैं भगवान शंकर : हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर एवं संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ प्रात: श्री हरेश्वर महादेव जी का महाभिषेक विश्व शांति एंव भारत की समृद्धि व खुशहाली की कामना से किया। तत्पश्चात श्री हरि कृपा धाम आश्रम में भक्तो को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान शंकर विविधताओं, विषमताओं को समेट कर बैठे हैं।इतनी सामर्थ्य व शक्ति होते हुए भी उसका दुरपयोग नहीं करते अपने मस्तिष्क को ठंडा रखते हैं। भगवान शंकर सिर पर गंगा व चंद्रमा धारण किये हुए हैं जो शीतलता के प्रतीक हैं। शिव राम का नाम जपते हैं राम शिव का नाम जपते हैं। कितनी महानता लेकिन फिर भी निरभिमानता। दूसरों को सम्मान देना यह सब भी तो सीखो, तभी तो बनेंगे शिव के सच्चे



भक्त। ईश्वर कृपा से प्राप्त धन, बल, पद, सामर्थ्य प्राप्त आदि का भोग या उपयोग ही नहीं बल्कि सदुपयोग करना चाहिए। पाँच कर्म इन्द्रियां व पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ इन दसों इंद्रियों को चाहे सांसारिक कर्तव्यों के पालन में लगाएं लेकिन एक मन को जो कि परमात्मा की ही अमानत है उसे उसके सिमरन भजन में लगाना चाहिए। अपने दिव्य प्रवचनों में उन्होंने कहा कि संत रूपी बादलों द्वारा जो सत्संग रुपी वर्षा होती है उसमें अपने मन की कलुषता व विकारों को धोकर मन को पावन बनाना है। श्री महाराज जी के दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा। तथा सभी मंत्र मुग्ध हो गये व "हरि बोल" की धुन में झूम उठे। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया ।सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व" श्रीगुरु महाराज", "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैया "की जय जयकार से गूंज उठा। दोपहर 1 बजे से विशाल भण्डारा वितरित किया गया जिसमें हजारों हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । मध्य रात्रि 12 बजे से ही श्री हरेश्वर महादेव पर जल चढ़ाने के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी । हजारों श्रद्धालुओं के साथ साथ कांवड़ियों ने भी हरिद्वार से गंगा जल लाकर श्री हरेश्वर महादेव पर गंगा जल चढ़ाया।

# मकान मालिक ने किरायेदार महिला से की अश्लीलता,मासूम को कमरे में किया बंद

काशीपुर। पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र में पति व बच्चों के साथ किराये की जिंदगी बसर करने वाली एक महिला ने भवन स्वामी पर अश्लीलता व छेड़खानी के गंभीर आरोप लगाए है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विरोध करने पर उसे तथा उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस को दी तहरीर ग्राम करनावाला तहसील धामपुर जनपद बिजनौर उप्र. निवासी गीता देवी पत्नी विमल कुमार ने बताया कि पिछले कुछ समय से वह अपने नाबालिग बच्चों के साथ ग्राम बघेलेवाला थाना आईटीआई में किराये के मकान में रह रही है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति एक फैक्ट्री में नाईट ड्यूटी करता है तथा वह दिन में एक फैक्ट्री में काम करती है। महिला का आरोप है कि मकान मालिक भोगराज पिछले कुछ समय से उस पर गलत नजर रखता है। विरोध करने पर उसे उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। महिला ने पुलिस को बताया कि बीते 13 फरवरी की सुबह लगभग 8 बजे जब वह काम पर चली गई तो इस दौरान मकान मालिक भोगराज ने उसके सात वर्षीय नाबालिग बच्चे को कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा ली। जब उसके पति को इसका पता चला तो उन्होंने घर पहुंचकर तुरंत बच्चे को कमरे से बाहर निकाला, अन्यथा कमरे में घुटकर उसकी मृत्यु भी हो सकती थी। महिला का आरोप है कि जब उसने मकान मालिक भोगराज की पत्नी से उसकी हरकतों की शिकायत की तो भोगराज ने उसके पति के सामने ही अभद्रता करते हुए गाली-गलौच की और मारपीट पर अमादा हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बाघ के हमले से महिला की मौत दु:खद: तिवारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। क्षेत्र में बाघ के हमले में एक निर्दोष महिला की हुई दर्दनाक मृत्यु अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है। यह घटना न केवल एक परिवार की अपूरणीय क्षति है, बल्कि वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने एक बयान में कहा है कि घटना के उपरांत वन अधिकारियों द्वारा पीड़ित परिवार के घर पहुँचकर शीघ्र आर्थिक सहायता का चेक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। किंतु आज तक घोषित धनराशि परिवार को प्राप्त नहीं हो पाई है। यह स्थिति प्रशासनिक संवेदनहीनता का परिचायक है। उन्होंने कहा पीड़ित परिवार को तत्काल प्रभाव से निर्धारित मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में आर्थिक संबल मिल सके। साथ ही क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बाघ एवं गुलदार की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग द्वारा कदम तत्काल सुनिश्चित किए जाए। जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं सघन गश्त की जाए,संवेदनशील क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित फेंसिंग की शीघ्र स्थापना हो,आदमखोर घोषित बाघ को तत्काल ट्रेंकुलाइज किए जाने अथवा आवश्यक होने पर नियमानुसार कार्रवाई के आदेश जारी किया जाए, ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु त्वरित रिस्पॉन्स टीम की स्थायी तैनाती की जाए। उन्होंने कहा ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोपरि है। यदि शीघ्र ठोस एवं प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन एवं वन विभाग की होगी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर टिप्पणी को लेकर गरमाई सियासत

गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर क्षेत्र में हाल के दिनों में राजनीतिक बयानबाजी को लेकर माहौल पूरी तरह गरमा गया है। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर द्वारा क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर की गई टिप्पणी के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा प्रतिवाद दर्ज कराया है। इस विवादित बयान के बाद भाजपा खेमे में भारी रोष व्याप्त है और संगठन ने इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला प्रयास करार दिया है।इसी क्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर सुमित्तर भुल्लर के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणियां न केवल सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुँचाती हैं, बल्कि राजनीतिक मर्यादा के भी पूरी तरह विरुद्ध हैं। खुराना ने



चेतावनी भरे लहजे में नसीहत दी कि भविष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन पर कोई भी टिप्पणी करने से बचा जाए और लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को बनाए रखा जाए।मंडल अध्यक्ष ने आगे कहा कि विधायक अरविंद पांडे क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं और जनता के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि व्यक्तिगत या संगठनात्मक स्तर पर अनर्गल आरोप- प्रत्यारोप लगाने के बजाय विपक्ष को जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए। भाजपा नेताओं ने सुमित्तर भुल्लर के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए साफ किया कि संघ पर की गई किसी भी गलत टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम ने गदरपुर की स्थानीय सियासत को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

# महापौर का एक साल का कार्यकाल रहा ऐतिहासिक: पवन

रुद्रपुर। भाजपा नेता पवन अग्रवाल ने नगर निगम के महापौर विकास शर्मा के एक वर्ष के कार्यकाल को ऐतिहासिक और जन-कल्याणकारी बताते हुए इसकी जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष में महापौर के कुशल नेतृत्व के चलते रुद्रपुर शहर में विकास के ऐसे नए आयाम स्थापित हुए हैं, जो पिछले कई दशकों में भी संभव नहीं हो पाए थे। जारी बयान में पवन अग्रवाल ने कहा कि महापौर विकास शर्मा की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से निकटता का सीधा लाभ रुद्रपुर की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की कई बड़ी विकास योजनाएं जो लंबे समय से फाइलों में अटकी हुई थीं, महापौर के प्रयासों से अब धरातल पर उतरनी शुरू हो चुकी हैं। उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि त्रिशूल चौक की स्थापना है, जिसने रुद्रपुर शहर को एक नई और भव्य पहचान दिलाने का काम किया है। पवन अग्रवाल ने आगे कहा कि महापौर न



केवल सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं, बल्कि भविष्य की बड़ी परियोजनाओं पर भी उनकी पकड़ बेहद मजबूत है। महापौर की मजबूत इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि आज नगर निगम एक बहुआयामी संस्था के रूप में उभरकर सामने आया है, जहां आम आदमी के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने अतिक्रमणकारियों पर सख्ती और शहर की संस्कृति व डेमोग्राफी को संरक्षित करने के कदमों को भी महापौर की बड़ी जीत बताया। पवन अग्रवाल ने महापौर विकास शर्मा को उनके सफल एक वर्ष के लिए बधाई देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले पांच साल रुद्रपुर के विकास की एक नई गाथा लिखेंगे। उन्होंने कहा कि जिस गति से शहर में कार्य हो रहे हैं, उससे रुद्रपुर जल्द ही प्रदेश के सबसे विकसित शहरों की सूची में अग्रणी होगा।

# ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन ने कांवड़ियों का किया भव्य स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भारतीय संस्कृति, सेवा और करुणा की जीवंत मिसाल पेश करते हुए ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन (इंडिया) ने शिवभक्तों के स्वागत-सत्कार का एक प्रेरणादायी आयोजन किया। हरिद्वार धाम से पवित्र गंगा जल लेकर लौट रहे शिवभक्तों का फूल-मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया गया। संस्था द्वारा श्रद्धालुओं के ठहराव, विश्राम और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करते हुए उन्हें फल व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराकर सेवा प्रदान की गई। इस सेवा कार्य ने न केवल सनातन परंपराओं का सम्मान किया, बल्कि समाज में सकारात्मक उत्तरदायित्व का संदेश भी प्रसारित किया। संस्था का मुख्य उद्देश्य सदैव जरूरतमंदों की सहायता करना और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजना रहा है। महाशिवरात्रि जैसे महापर्व पर शिवभक्तों की सेवा कर संस्था के सदस्यों ने यह सिद्ध किया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। थके-हारे श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल और पौष्टिक आहार की व्यवस्था में संस्था के स्वयंसेवकों ने दिन-रात परिश्रम किया, जिससे यात्रियों को काफी राहत महसूस हुई। इस सेवा



आयोजन में फाउंडेशन की फाउंडर ममता पांडे के नेतृत्व में टीम ने उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में फिल्म जगत से जुड़े फिल्म निर्देशक व अभिनेता अनुग्रह अग्निहोत्री की विशेष उपस्थिति ने युवाओं में सेवा के प्रति उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर दीपक पांडे, कोषाध्यक्ष हरीश पांडे, यश पांडे, भूषण छाबड़ा, नितिन छाबड़ा, नामित पपनेजा सहित अनेक कार्यकर्ता व साथी उपस्थित रहे। फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर दीपक पांडे ने कहा कि संस्था सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और मानवीय मूल्यों के प्रसार के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर आयोजित यह कार्यक्रम संस्था के उसी संकल्प को सशक्त करता है जहाँ भक्ति और सेवा एक साथ चलते हैं। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने भी संस्था के इस सेवा भाव की जमकर सराहना की।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद भड़का लोगों का आक्रोश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।दन्या में किशोरी से हुए दुष्कर्म के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। शनिवार को लोगों ने क्षेत्र में जुलूस निकाल जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों से बाहरी व्यक्तियों को किराये पर नहीं रखने की अपील की। दरअसल, बीते दिन दन्या क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ एक विशेष समुदाय के युवक पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने यूपी निवासी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। इधर, घटना के बाद लोगों में आक्रोश भड़क उठा। शनिवार को आक्रोशित लोगों ने विरोध में क्षेत्र में विशाल जुलूस निकाला। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। जहां वक्ताओं ने घटना को जघन्य अपराध बताया। पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ ही सत्यापन अभियान चलाने की मांग उठाई। वहीं, लोगों से बाहरी व्यक्तियों को किराये पर नहीं रखने की अपील की। यहां विरोध जुलूस में लाल बाबा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरव पांडे, नीरज पंत, प्रधान कैलाश भट्ट, पीयूष पांडे, कैलाश भट्ट, डीके जोशी, किशन, मोहित, मनोज पंत, लक्ष्मण डसीला, गोकुल डसीला, गोकुल भट्ट, हरीश मलारा, दीपक पंत ईश्वर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# महाशिवरात्रि पर्व पर किन्नर समाज ने आयोजित किया भंडारा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी किन्नर समाज द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर किन्नर गुरु स्व. कटोरी देवी की स्मृति में रम्पुरा स्थित कटोरी देवी मंदिर में जन कल्याण, सबकी सुख समृद्धि, आपसी सौहार्द व देश की तरक्की की कामना को लेकर गद्दीनशीन किन्नर गुरु सुनीता उर्फ पिंकी की अगुवाई में शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रात: कटोरी देवी मंदिर में विधि विधान के साथ पंडित देवेंद्र मिश्रा द्वारा हवन यज्ञ सम्पन्न किया गया। जिसमें उपस्थित किन्नर समाज के साथ मौजूद लोगों ने जन कल्याण, सबकी सुख समृद्धि, आपसी सौहार्द व देश की तरक्की की कामना को लेकर हवन कुंड में



आहुतियां अर्पित की। हवन समापन पर आरती के पश्चात किन्नरों द्वारा कन्याओं का पूरे सम्मान के साथ पूजन कर उनका आर्शीवाद लिया गया। किन्नर गुरु सुनीता उर्फ पिंकी ने कन्या पूजन के बाद भंडारे का मंदिर में भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरित करवाने का कार्य शुरू करवाया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान किन्नरों ने ढोलक मंजीरे के साथ नृत्य करते हुए भजन कीर्तन भी किया। इस मौके पर गद्दीनशीन गुरु सुनीता उर्फ पिंकी के साथ राखी, बॉबी, रानी, हेमा, आंचल, संजना, एकता, दानिश, कशिश, सीमा, रीना, बबीता, हिना, संगीता, पूजा, करिश्मा, काजल, शबनम, खुशबू सहित रूद्रपुर, हल्द्वानी, रामपुर, बिलासपुर आदि शहरों से आए भारी संख्या में किन्नर तथा कटोरी देवी मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ ही क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# नवजात का शव मिलने से सनसनी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में भरी दोपहर एक नवजात शिशु का शव पाए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार की दोपहर ट्रांजिट कैम्प की नारायण कालोनी में घर के आगे नाले के पास नवजात शिशु का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया तथा वहां मौजूद लोगों से मामले में विस्तार से जानकारी ली। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली प्रभारी मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि शनिवार की दोपहर डायल 112 पर एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि एक नवजात शिशु (बालक) को कोई घर के सामने नाले के पास फेक गया हैं। नवजात की मृत्यु होना होना सम्भावित लग रहा हैं। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक पंकज महर पुलिसकर्मियों के साथ मोके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने लोगों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक नवजात शिशु का डीएनए सुरक्षित रखने हेतु जिला चिकित्सालय को पत्राचार किया गया हैं। मृतक नवजात शिशु के सम्बन्ध में जाँच जारी है। पुलिस घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। ताकि आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके।

## पेज एक का शेष...

**शिवरात्रि पर शिवालयों में ...**शिवरात्रि मेले का फीता काटकर शुभारम्भ भी किया व सभी श्रद्धांलुओं एवं प्रदेश वाशियों को महाशिवरात्रि की बधाई व शुभकामनायें दी। इस दौरान उन्होंने कहा की वंखण्डी महादेव मन्दिर में बड़ी संख्या श्रद्धांलुओं का आवागमन होता है, इसीलिए कार्ययोजना बना कर मन्दिर को विकसित किया जायेगा। धामी ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि का यह पर्व शिव और शक्ति की आराधना का प्रतीक है, जो हमें प्रेम, एकता और आध्यात्मिक जागरण की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी, गंभीर सिंह धामी, गोपाल सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित मन्दिर समिति के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। रुद्रपुर-महाशिवरात्रि पर्व पर नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया। प्रात: से ही सभी शिवालय भगवान शिव शंकर के जयघोषों से गुंजायमान हो उठे। हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर लौटे कांवरियों सहित भारी संख्या में शिव भक्तों ने शिवालयों में पहुंच शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों की कई दुकानें सजी हुई थीं। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इस मौके मंदिरों को फूलमालाओं व रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया। अनेक मंदिरों में धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए अनेक मंदिरों में पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। वहीं पुलिस अधिकारी भी मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। **गदरपुर**-सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में शिवरात्रि पर्व के अवसर पर रविवार को भगवान शिव के शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मंदिर परिसर में पहुंचकर विधि-विधान से जलाभिषेक करते रहे और भोलेनाथ से सुख-समृद्धि, शांति एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर मंदिर के अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने बताया कि शिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था विशेष रूप से देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मंदिर में आने वाले सभी भक्तों की सुविधा और व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा गया है, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक जलाभिषेक कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि भगवान शिव की पूजा से मन को शांति मिलती है और समाज में प्रेम, सौहार्द व सकारात्मकता का संचार होता है। साथ ही उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने और मंदिर की गरिमा को कायम रखने की अपील की। इस दौरान सोमनाथ छाबड़ा, अशोक सुधा, कपिल गंडा, कृष्ण बत्रा, अजय छाबरा, साहिल सुधा, कनव गंगा, अशोक पोपली, पवन बजाज, अमित ढींगरा, कशिश खुराना सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के शिवलिंग पर जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। **काशीपुर**- महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के दर्जनों शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ सुबह सवेरे से ही शिव भक्तों द्वारा पूजा अर्चना के बीच घंटे घड़ियाल गूंजे। मोटेश्वर महादेव मंदिर पर रात्रि 12 के बाद से पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कांवरियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का दिव्य जलाभिषेक किया जा रहा है। इस दौरान हर हर बम बम के जयकारों से ऐतिहासिक चैती मेला मैदान गुंजायमान है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने वालों में कांवरियों की तादाद हजारों में है। इसके अलावा स्थानीय शिव भक्त भी सुबह सवेरे से कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हुए परिवार के सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। काशीपुर के ऐतिहासिक चौती मेला मैदान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दिन भर मेले जैसा माहौल रहा। मोटेश्वर महादेव को मोटेश्वर इसलिए भी कहा जाता है कि इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग को कोई भी शिव भक्त दोनों हाथों से कोलियों में पकड़ नहीं सकता। यह मंदिर शिवलिंग का अप ज्योतिर्लिंग माना गया है। स्कंद पुराण में वर्णित है कि जो भी शिव भक्त कंधे पर कांवर रखकर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाकर यहां मोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेगा उसे जन्म मृत्यु के बंधनों से मुक्ति मिल जाएगी। धर्म आस्था और विश्वास की ऐसी अनूठी मिसाल बिरले ही धार्मिक स्थान पर देखने को मिलती है। रात्रि 12 बजे से जलाभिषेक का जो सिलसिला जारी हुआ वह अपराह्न बाद तक निरंतर चल रहा। प्रात: 11 बजे हजारों की तादात में शिव भक्त बेरीकेटिंग में लाइन से लगकर जलाभिषेक के लिए अपनी बारी के इंतजार में देखे गए। यहां यह भी बता दें कि उप ज्योतिर्लिंग मोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप ही मां बाल सुंदरी देवी मंदिर (शक्तिपीठ) भी स्थापित है। मान्यता है कि यहां माता के दर्शन मात्र से प्राणियों के पाप नष्ट हो जाते हैं और वह कुमार्ग को छोड़कर सुमार्ग के पथ पर चलने लगता है। महाशिवरात्रि पर्व को निर्विघ्न तरीके से संपन्न करने के लिए प्रशासन ने भी कमर कस रखा है। महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त फोर्स लगाई गई है। ऐतिहासिक चौती मेला मैदान में मेले जैसा माहौल है। यहां खिलौने बर्तन खान पान के स्टाल समेत गृहस्थी की वस्तुओं से जुड़ी दर्जनों दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी है। खबर लिखे जाने तक मोटेश्वर महादेव मंदिर पर शिव भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक निरंतर जारी था। इसी तरह मोहल्ला पककाकोट स्थित नागनाथ मंदिर, मोहल्ला शिव नगर स्थित शंकर पार्वती मंदिर, टांडा उज्जैन स्थित प्राचीन महादेव मंदिर, आदि क्षेत्र की तमाम शिव मंदिरों एवं शिवालयों में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ के भक्तों द्वारा पूजा अर्चना का क्रम लगातार जारी रहा। बता दें मोटेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास महाभारत कालीन है। द्वापर युग से जुड़े इस मंदिर के बारे में स्कंद पुराण में भगवान शिव ने कहा है कि जो भी भक्त कंधे पर कावड़ रखकर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाकर यहां मोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेगी उसे प्राणी मात्र को जन्म मृत्यु के बंधनों से मुक्ति मिल जाएगी। ऐसे शिव भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होगी। मोटेश्वर महादेव को मोटेश्वर इसलिए कहा जाता है कि कोई भी शिव भक्त इस शिवलिंग को दोनों हाथों से कोली नहीं भर सकता।

**धामी के बयान ने ..**यह केवल मंचीय संवाद था या भविष्य की राजनीति का कोई संकेत। **रुद्रपुर से मेरा पुराना लगाव:** रुद्रपुर। शनिवार को सरस मेले के शुभारंभ के मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर शहर से अपने पुराने जुड़ाव और संघर्ष के दिनों की यादें साझा कर जनसमूह को रुद्रपुर के साथ अपनत्व का भी अहसास कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रुद्रपुर से उनका पुराना लगाव है, मुख्यमंत्री बनने से पहले भी उनका रुद्रपुर आना-जाना लगा रहता था। रुद्रपुर जिले का मुख्यालय होने के कारण वे यहां आते रहते थे और कार्यकर्ताओं और लोगों के बीच समय बिताते थे। सभा के दौरान उन्होंने अपने पुराने परिचित "रस्तोगी जी राजमा-चावल वाले" का उल्लेख किया। इस पर मेयर विकास शर्मा ने जनता के बीच मौजूद रस्तोगी जी को पहचान लिया और उन्हें मंच के सामने बुलवाया गया। मुख्यमंत्री ने उन्हें मंच पर आमंत्रित कर आत्मीय बातचीत की। मुख्यमंत्री धामी ने मुस्कुराते हुए कहा कि उनके साथ 20-25 साथी होते थे, इसलिए महंगे होटलों में जाना संभव नहीं होता था। क्योंकि जेब में ज्यादा पैसे नहीं होते थे। ऐसे में वे अक्सर रस्तोगी जी के यहां राजमा-चावल खाने पहुंच जाते थे। मैं अनगिनत बार इनके यहां राजमा-चावल खा चुका हूं। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर की गली-गली से वे परिचित हैं और इस शहर की आत्मीयता से उनका विशेष लगाव रहा है। मुख्यमंत्री की इन स्मृतियों पर सभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के बीच बिताए गए संघर्ष के वही दिन आज उन्हें जनसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं।

**रूद्रपुर से चुनाव...**के फूल के साथ मैं भी मैदान में हूं, हम सब चुनाव लड़ने वाले हैं, मुख्यमंत्री ने खटीमा से अपने भावनात्मक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि चाहे वे वहां से चुनाव लड़ें या नहीं, वोट डालने के लिए उन्हें खटीमा अवश्य जाना होगा। इस दौरान उन्होंने सांसद अजय भट्ट की ओर संकेत करते हुए कहा कि बड़े भाई उन्हें उनके जन्मस्थान डीडीहाट से चुनाव लड़ने की सलाह देते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि लक्ष्य पहले से अधिक सीटें जीतना है, ताकि विकास की गति और तेज हो सके। सभा के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा और तालियों व नारों के बीच उनका स्वागत किया गया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री के इस बयान ने क्षेत्रीय राजनीति में नई चर्चा को जन्म दे दिया है।

**किरायेदार ने हड़पे...**वापस नहीं किए, तो सरोज को शक हुआ। आरोप है कि 26 जनवरी 2024 की शाम जब सरोज ने अपने घर के पास ही इन लोगों से अपने गहने वापस मांगे, तो आरोपियों का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। उन्होंने जेवरात लौटाने से साफ मना कर दिया और सरोज के साथ अभद्रता करते हुए गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने प्रार्थिनी के साथ बुरी तरह हाथापाई की, जिससे उसे शरीर पर गुम और खुली चोटें आईं। इस दौरान शोर-शराबा सुनकर पड़ोस में रहने वाले संजय और किशोरी ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और सरोज की जान बचाई। घटना के बाद आरोपी मकान खाली कर दिनेशपुर क्षेत्र के ग्राम शिवपुर भरत नहर कॉलोनी में जाकर रहने लगे। सरोज ने इस संबंध में ट्रांजिट कैंप थाने और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी गुहार लगाई थी, लेकिन पुलिस स्तर पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। हार मानकर पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अब अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपी सुनीता, भगीरथ, शोभा, दीपांकर, सपना और फटीक मंडल के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 452, 403 और 406 के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है। पुलिस अब इस पूरे धोखाधड़ी और हमले के मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है।

**२२ अप्रैल को खुलेंगे...**अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 19 अप्रैल को खोले जाएंगे। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत बदरी-केदार मंदिर समिति के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी वाईएस पुष्पाण ने जानकारी दी कि भगवान की पंचमुखी डोली के प्रस्थान का कार्यक्रम भी तय कर लिया गया है। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की सूचना मिलते ही शिव भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और प्रशासन ने भी यात्रा की तैयारियों को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सीएम धामी ने भाजपा नेता राकेश सिंह के आवास पहुंच दिया आशीर्वाद

रुद्रपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को रुद्रपुर दौरे के दौरान भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह के आवास पहुंचकर उनके नवविवाहित पुत्र जयंत और पुत्रवधू पूजा को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री धामी त्रिशूल चौक एवं सरस मेले के शुभारंभ कार्यक्रम में सहभागिता के बाद गांधी पार्क, इंदिरा कॉलोनी नंबर-1 स्थित भाजपा नेता राकेश सिंह के आवास पहुंचे। यहां परिवारजनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत अन्य भाजपा नेताओ का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने नवदंपति को सुखद दांपत्य जीवन का आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोड़ा, मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर 'डब्बू' तथा भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल सहित आदि का परिजनों द्वारा शाल ओढाकर स्वागत किया गया। इस दौरान राकेश सिंह, राजेश सिंह,सिम्मी सिंह,अजय विक्रम सिंह, अनुराग सिंह, यश सिंह, रूद्रा सिंह, वंदना सिंह, ज्योति सिंह, अंजलि सिंह, विवेक दीप सिंह, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, फरजाना बेगम,पूर्व मेयर रामपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान,वेद ठुकराल, तरुण दत्ता, रोशन अरोरा, सत्य प्रकाश चौहान, सुनील चौहान, चंदन बंगारी, मनीष शुक्ला, अक्षय सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, विवेक सक्सेना, रश्मि रस्तोगी, शालिनी बोरा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और गणमन्य लोग मौजूद रहे।











# एसएसपी अजय गणपति ने संभाली जिले की कमान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद के नए कप्तान अजय गणपति ने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। एसएसपी अजय गणपति ने पद संभालते ही सख्त तेवर दिखाते हुए अधिकारियों को जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर पैनी नजर रखने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ संक्षिप्त बैठक कर जिले की वर्तमान कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिले में जनसुरक्षा और अपराध पर लगाम लगाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों के विरुद्ध किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। नवनियुक्त एसएसपी ने महिला सुरक्षा, नशा



उन्मूलन अभियान, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा साइबर अपराधों पर नियंत्रण को अपनी कार्ययोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी जोर दिया ताकि पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि संवेदनशील मामलों में तत्परता और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि निवर्तमान एसएसपी मणिकांत मिश्रा के कार्यकाल में जनपद में अपराधियों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चला, जिसमें लगभग 34 मुठभेड़ हुई और 38 अपराधियों को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया। मणिकांत मिश्रा को अब पुलिस अधीक्षक अधिसूचना के पद पर नई जिम्मेदारी दी गई है। जिले के नागरिकों को उम्मीद है कि नए कप्तान अजय गणपति के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा कानून का इकबाल कायम रहेगा।

















